# Hon'ble Governor of Uttar Pradesh Commends Mission Navshakti for Advancing Women Empowerment and Sustainable Livelihoods at Matra shakti Conclave-2026, Ayodhya.

Ayodhya, Uttar Pradesh (June 9-11 and 28, 2026):

ICAR-National Bureau of Fish Genetic Resources (ICAR-NBFGR), Lucknow, successfully demonstrated a comprehensive model of women-centric livelihood development through its UN-FAO recognized Mission Navshakti under the Scheduled Caste Sub Plan (SCSP). The initiative culminated in state-level recognition during the Matra Shakti Conclave-2026, where the Hon'ble Governor of Uttar Pradesh, Smt. Anandiben Patel, commended Mission Navshakti as an exemplary model for women's empowerment and sustainable rural livelihoods.

Prior to the conclave, ICAR-NBFGR organized a three-day training and interaction programme (9-11 June 2026) on ornamental fisheries, aquarium fabrication, and micro-entrepreneurship at the Regional Institute of Rural Development (RIRD), Masaudha, Ayodhya, in collaboration with DMMU-NRLM, RIRD, and the district administration. The programme was designed to create sustainable livelihood opportunities for the Scheduled Caste community, particularly women associated with Self-Help Groups (SHGs), through scientific interventions and entrepreneurship development. More than 50 women participated in the capacity-building programme and received hands-on training in ornamental fish farming, aquarium fabrication, aquatic plant cultivation, fish breeding, enterprise development, packaging, storage, and marketing.

During an interaction meeting held at Vikas Bhawan, Ayodhya, Mrs. Dhanalakshmi K. (IAS), Director General, Uttar Pradesh Fisheries Department, highlighted ornamental fisheries as an economically viable livelihood option capable of generating sustainable income for rural women. Mr. Krishna Kumar Singh (IAS), Chief Development Officer, Ayodhya, assured institutional support for developing market linkages through the National Rural Livelihood Mission (NRLM), thereby facilitating commercialization of women-led enterprises.

Dr. Kajal Chakraborty, Director, ICAR-NBFGR, emphasized the importance of cluster-based livelihood development and reiterated the Bureau's commitment to providing continuous scientific and technical support under the SCSP programme. Dr. Poonam Jayant Singh, Senior Scientist and SCSP Nodal Officer, elaborated on diverse income-generating opportunities available through ornamental fisheries, aquarium entrepreneurship, and value-added livelihood enterprises, encouraging participants to adopt entrepreneurship as a sustainable source of income.

The practical training programme at RIRD included live demonstrations on ornamental fish rearing, aquarium fabrication, enterprise planning, and aquatic biodiversity-based handicrafts and jewellery. Successful entrepreneurs Ms. Poonam Devi and Ms. Sangeeta Devi shared their entrepreneurial journeys, motivating participants to establish ornamental fisheries-based enterprises. As part of the livelihood intervention, approximately 2,000 ornamental fish were released into village ponds at Tulsi Tara Dadera, Masaudha, while solar kits and aquarium kits were distributed to selected beneficiaries to facilitate enterprise establishment at the household level.

On 11 June 2026, participants visited the High-Tech Fisheries and Farmer Knowledge Centre, Dhankutti, Barabanki, where they observed modern facilities for ornamental fish collection,

breeding, incubation, seed production, and distribution. The exposure visit enabled women to interact directly with successful entrepreneurs and gain practical insights into enterprise management, production technologies, value-chain development, and marketing strategies, thereby bridging the gap between scientific innovation and field-level adoption.

The impact of Mission Navshakti was subsequently showcased before the Hon'ble Governor during the Matra Shakti Conclave-2026, organized on 28 June 2026 at the Swami Vivekananda Auditorium, Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya. The conclave focused on women's empowerment, health, education, self-reliance, and income generation. Addressing the gathering, the Hon'ble Governor emphasized the importance of enhancing women's participation in nation-building and highlighted issues related to maternal health, child nutrition, immunization, cancer screening, HPV vaccination, digital awareness, and girls' education in achieving the vision of Developed India-2047. During the programme, the Health Department administered HPV vaccination to 200 adolescent girls and Pulse Polio drops to 10 children, while smartphones and appointment letters were distributed to Anganwadi workers to strengthen grassroots service delivery.

One of the major highlights of the conclave was the presentation of Mission Navshakti by Dr. Kajal Chakraborty, Director, ICAR-NBFGR. She presented the achievements, scientific framework, and future roadmap of the initiative, demonstrating how rural women are being empowered through technical training in ornamental fish farming, aquarium fabrication, fish breeding, entrepreneurship development, input distribution, packaging, storage, and marketing. She informed that nearly 570 women have already been trained under Mission Navshakti, many of whom have successfully established livelihood enterprises, leading to significant improvements in household income and socio-economic well-being.

Recognizing the success of the initiative, a Memorandum of Understanding (MoU) was signed between ICAR-NBFGR and the Chief Development Officer, Ayodhya, to strengthen collaboration for women-led livelihood development, entrepreneurship promotion, and economic empowerment. Appreciating the scientific and community-oriented approach of the programme, the Hon'ble Governor described Mission Navshakti as an inspiring and replicable model for women's empowerment and assured continued support for its expansion across the state.

During the programme, Dr. Kajal Chakraborty and Dr. Poonam Jayant Singh were honoured with Certificates of Appreciation by the Hon'ble Governor for their outstanding contribution to women's empowerment and the successful implementation of Mission Navshakti. Matra shakti conclave eminent dignitaries of Dr. Bijendra Singh, Vice-Chancellor, Dr. Rammanohar Lohia Avadh University; Shashank Tripathi, District Magistrate, Ayodhya; Smt. Roli Singh, Chairperson, Zila Panchayat; Jayendra Kumar, Municipal Commissioner; Krishna Kumar Singh, Chief Development Officer were present including ICAR-NBFGR SCSP team Nodal Officer Dr. Poonam Jayant Singh, Dr. Ajey Pathak, Shri Ravi Kumar.

As part of SCSP outreach activities, ICAR-NBFGR also distributed educational kits to school students during the Matra Shakti Conclave to promote quality education and encourage regular school attendance among rural children. Outstanding individuals and Self-Help Groups were felicitated for their contributions to community development. Smt. Laxmi Kanojia of Saraswati Self-Help Group and Smt. Preeti of Ganga Aajeevika Self-Help Group received ornamental fish units to strengthen their livelihood enterprises.

Following the conclave, **Dr. Kajal Chakraborty**, **Dr. Poonam Jayant Singh**, **Dr. Ajay Pathak**, **Shri Ravi Kumar**, **Dr. Arpita Batta**, **Gayatri**, **Avinish Kumar Pankaj**, **Vishal Rawat**, **Arvind Kumar**, **Smt. Poonam**, and **Smt. Sangeeta**, who crafted an attractive Zardozi fish memento, visited the **Incubation Centre and Fish Collection Centre** at **Dhankutti Village**. The team inspected the fish breeding facilities and other infrastructure, appreciated the commendable efforts of **Dr. Suresh Kumar**, from Hitech Fisheries the Centre In-charge, and acknowledged the role of such innovative initiatives in strengthening women's economic empowerment and sustainable rural livelihoods.

मातृशक्ति कॉन्क्लेव-2026, अयोध्या में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सतत आजीविका संवर्धन हेतु 'मिशन नवशक्ति' की माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा सराहना

अयोध्या, उत्तर प्रदेश (9-11 एवं 28 जून, 2026)

आईसीएआर-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीएफजीआर), लखनऊ द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना (SCSP) के अंतर्गत संचालित संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (UN-FAO) द्वारा मान्यता प्राप्त "मिशन नवशक्ति" के माध्यम से महिला-केंद्रित आजीविका विकास का एक समग्र एवं प्रभावी मॉडल सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया। इस पहल को राज्य स्तर पर विशेष पहचान तब प्राप्त हुई जब मातृशक्ति कॉन्क्लेव-2026 के दौरान उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मिशन नवशक्ति को महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सतत ग्रामीण आजीविका विकास का एक अनुकरणीय मॉडल बताते हुए इसकी सराहना की।

मातृशक्ति कॉन्क्लेव से पूर्व, आईसीएआर-एनबीएफजीआर द्वारा 9 से 11 जून, 2026 तक क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (RIRD), मसौधा, अयोध्या में डीएमएमयू-एनआरएलएम (DMMU-NRLM), आरआईआरडी तथा जिला प्रशासन के सहयोग से सजावटी मत्स्य पालन, एक्वेरियम निर्माण एवं सूक्ष्म उद्यमिता विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक तकनीकों एवं उद्यमिता विकास के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय, विशेषकर स्वयं सहायता समूहों (SHGs) से जुड़ी महिलाओं के लिए सतत आजीविका के अवसर विकसित करना था। कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया तथा उन्हें सजावटी मत्स्य पालन, एक्वेरियम निर्माण, जलीय पौधों की खेती, मछली प्रजनन, उद्यम विकास, पैकेजिंग, भंडारण एवं विपणन संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अयोध्या स्थित विकास भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग की महानिदेशक श्रीमती धनलक्ष्मी के. (आईएएस) ने सजावटी मत्स्य पालन को ग्रामीण महिलाओं के लिए स्थायी आय अर्जित करने वाला एक व्यवहारिक एवं लाभकारी आजीविका विकल्प बताया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या, श्री कृष्ण कुमार सिंह (आईएएस) ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के माध्यम से बाजार संपर्क (मार्केट लिंकेज) विकसित करने हेतु संस्थागत सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे महिला उद्यमियों द्वारा संचालित उद्यमों के व्यवसायीकरण को बढ़ावा मिल सके।

आईसीएआर-एनबीएफजीआर की निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने क्लस्टर आधारित आजीविका विकास मॉडल के महत्व पर बल देते हुए एससीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत निरंतर वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए ब्यूरो की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं एससीएसपी नोडल अधिकारी डॉ. पूनम जयंत सिंह ने सजावटी मत्स्य पालन, एक्वेरियम उद्यमिता तथा मूल्य संवर्धित आजीविका आधारित उद्यमों में उपलब्ध विविध आय-सृजन अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को उद्यमिता को स्थायी आय के स्रोत के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

आरआईआरडी में आयोजित व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सजावटी मछली पालन, एक्वेरियम निर्माण, उद्यम योजना निर्माण तथा जलीय जैव विविधता आधारित हस्तशिल्प एवं आभूषण निर्माण का सजीव प्रदर्शन किया गया। सफल महिला उद्यमियों सुश्री पूनम देवी एवं सुश्री संगीता देवी ने अपनी सफलता की कहानियाँ साझा करते हुए प्रतिभागियों को सजावटी मत्स्य आधारित उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आजीविका संवर्धन गतिविधियों के तहत मसौधा ब्लॉक के तुलसी तारा ददेरा ग्राम के तालाबों में लगभग 2,000 सजावटी मछलियों का संचयन किया गया तथा चयनित लाभार्थियों को घरेलू स्तर पर उद्यम स्थापित करने के उद्देश्य से सोलर किट एवं एक्वेरियम किट वितरित की गईं।

11 जून, 2026 को प्रतिभागियों ने धनकुट्टी, बाराबंकी स्थित हाई-टेक फिशरीज एवं फार्मर नॉलेज सेंटर का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने सजावटी मछलियों के संग्रहण, प्रजनन, इनक्यूबेशन, बीज उत्पादन एवं वितरण की आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान महिलाओं ने सफल उद्यमियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उद्यम प्रबंधन, उत्पादन तकनीक, मूल्य श्रृंखला विकास एवं विपणन रणनीतियों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की,

जिससे वैज्ञानिक नवाचार एवं जमीनी स्तर पर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के मध्य की दूरी कम करने में सहायता मिली।

इसके उपरांत 28 जून, 2026 को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित मातृशक्ति कॉन्क्लेव-2026 में मिशन नवशक्ति की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण माननीय राज्यपाल के समक्ष किया गया। यह कॉन्क्लेव महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं आय सृजन पर केंद्रित था। अपने संबोधन में माननीय राज्यपाल ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा मातृ स्वास्थ्य, बाल पोषण, टीकाकरण, कैंसर जांच, एचपीवी टीकाकरण, डिजिटल जागरूकता एवं बालिकाओं की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 200 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन तथा 10 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक प्रदान की गई। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन एवं नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जिससे जमीनी स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाया जा सके।

कॉन्क्लेव का एक प्रमुख आकर्षण आईसीएआर-एनबीएफजीआर की निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती द्वारा मिशन नवशक्ति की उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण रहा। उन्होंने बताया कि मिशन नवशक्ति के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सजावटी मत्स्य पालन, एक्वेरियम निर्माण, मछली प्रजनन, उद्यमिता विकास, इनपुट वितरण, पैकेजिंग, भंडारण एवं विपणन का वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक लगभग 570 महिलाओं को मिशन नवशक्ति के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से अनेक महिलाओं ने सफलतापूर्वक अपने आजीविका आधारित उद्यम स्थापित किए हैं, जिससे उनकी पारिवारिक आय एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मिशन की सफलता को देखते हुए आईसीएआर-एनबीएफजीआर एवं मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या के मध्य महिलाओं की आजीविका विकास, उद्यमिता संवर्धन एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु सहयोग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम की वैज्ञानिक एवं सामुदायिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए माननीय राज्यपाल ने मिशन नवशक्ति को महिलाओं के सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायक एवं पुनरुत्पादित

(Replicable) मॉडल बताया तथा राज्यभर में इसके विस्तार हेतु निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. काजल चक्रवर्ती एवं डॉ. पूनम जयंत सिंह को महिलाओं के सशक्तिकरण तथा मिशन नवशक्ति के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान हेतु माननीय राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मातृशक्ति कॉन्क्लेव में डॉ. बिजेन्द्र सिंह, कुलपति, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय; शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी, अयोध्या; श्रीमती रोली सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत; जयेन्द्र कुमार, नगर आयुक्त; श्री कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी; तथा आईसीएआर-एनबीएफजीआर की एससीएसपी टीम के नोडल अधिकारी डॉ. पूनम जयंत सिंह, डॉ. अजेय पाठक एवं श्री रवि कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

एससीएसपी की जनजागरूकता एवं विस्तार गतिविधियों के अंतर्गत आईसीएआर-एनबीएफजीआर द्वारा मातृशक्ति कॉन्क्लेव के दौरान विद्यालयी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा नियमित विद्यालय उपस्थिति के लिए शैक्षणिक किटों का वितरण भी किया गया। सामुदायिक विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया गया। सरस्वती स्वयं सहायता समूह की श्रीमती लक्ष्मी कनौजिया तथा गंगा आजीविका स्वयं सहायता समूह की श्रीमती प्रीति को उनके आजीविका उद्यमों को सुदृढ़ बनाने हेतु सजावटी मत्स्य इकाइयाँ प्रदान की गईं।

कॉन्क्लेव के उपरांत डॉ. काजल चक्रवर्ती, डॉ. पूनम जयंत सिंह, डॉ. अजय पाठक, श्री रवि कुमार, डॉ. अर्पिता बट्टा, गायत्री, अविनिश कुमार पंकज, विशाल रावत, अरविन्द कुमार, श्रीमती पूनम तथा श्रीमती संगीता, जिन्होंने आकर्षक जरदोजी मछली स्मृति-चिह्न का निर्माण किया था, ने धनकुट्टी ग्राम स्थित इन्क्यूबेशन सेंटर एवं फिश कलेक्शन सेंटर का भ्रमण किया। टीम ने मछली प्रजनन सुविधाओं एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया तथा हाईटेक फिशरीज के केन्द्र प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं सतत ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने में ऐसे नवाचार आधारित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।











मातृ शक्ति
कॉन्क्लेव 2026
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
स्थान
विवेकानंद ऑडिटोरियम
IRFC


2026
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश


2026
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश


मातृ शक्ति
कॉन्क्लेव 2026
अयोध्या
सशक्त नारी, समृद्ध राष्ट्र
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश




मातृ शक्ति
कॉन्क्लेव 2026
अयोध्या
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
दिनांक
दिन : रविवार
स्थान
CSRBOX







# Matra Shakti

## CONCLAVE - 2026

## INVITATION LETTER

You are cordially invited to
**Matra Shakti Conclave - 2026,**
an initiative celebrating the strength,
contribution and leadership of women
in building a stronger society.

The conclave will be graced by the
esteemed presence of the
**Hon'ble Governor of Uttar Pradesh.**

| | |
|---|---|
| VENUE | Swami Vivekananda Auditorium, Dr. Ram Manohar Lohia Avadh University, Ayodhya. |
| DATE | Sunday, 28th June 2026 |
| TIME | 10:00 AM onwards |
| CHIEF GUEST | Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor, Uttar Pradesh. |

Your presence will be a source of encouragement
and will greatly enrich this importgnt occasion.

With warm regards,
**Shashank Tripathi**
District Magistrate
Ayodhya

## मातृशक्ति कानक्लेव अयोध्या – 2026

### मा0 राज्यपाल महोदया का जनपद–अयोध्या भ्रमण दिनांक 28.06.2026 के कार्यक्रम।

### कार्यक्रम स्थल – स्वामी विवेकानन्द सभागार, डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर, अयोध्या।

प्रस्तावित

| क्र0स0 | दिनांक | समय | कार्यक्रम – मातृशक्ति कानक्लेव अयोध्या – 2026 |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | | 10:00 AM | डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या आगमन। |
| 2 | | 10:00 AM -10:15 AM | 1. स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर 100 बालिका को एच0पी0वी0 वैक्सीन तथा 10 बालिका को पल्स पोलियो ड्राप्स दिलाना (प्रशासनिक भवन में)।<br>2. गैलरी में प्रदर्शनियों का अवलोकन तथा सी0एस0आर0 अनुदानित सामग्रियों की प्रदर्शनी (सभागार की गैलरी में) स्वामी विवेकानन्द सभागार गैलरी। |
| 3 | | 10:15 AM- 10:17AM | प्रेक्षागृह में आगमन एवं राष्ट्रगान। |
| 4 | | 10:17 AM -10:20 AM | सभी मंचासीन अतिथियों का सम्मान। |
| 5 | | 10:20 AM -10:25 AM | जिलाधिकारी महोदय का स्वागत सम्बोधन एवं कार्यक्रम रूपरेखा। |
| 6 | | 10:25 AM -10:55 AM | श्री राम वन्दना (08 बच्चों द्वारा)।<br>वन्दे मातरम नृत्यनाटिका (09 बच्चें – सोनाक्षी, श्रेया, पायल, परिधि, अन्तिमा, समृद्धि, प्रीति, कोमल एवं दिव्यांशी।<br>बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ नृत्य नाटिका।<br>पर्यावरण संदेश (12 बच्चों – मान्या, आराध्या, सिद्धि, अन्नू, सौम्या, संज्ञा, निधि, शिवांशी, पीहू, महक, लाडो एवं आकृति)।<br>आई गये रघुनन्दन भजन (06 बच्चे)।<br>योगा चन्द्रासन (08 बच्चों द्वारा)। |
| 7 | | 10:55 AM -11:05 AM | बच्चों को पुरस्कार वितरण। |
| 8 | | 11:05 AM -11:18 AM | मालावार गोल्ड पी0आर0 टीम का संबोधन।<br>विद्याशक्ति पहल पर विडियों प्ले।<br>निदेशक, **NBFGR** द्वारा प्रस्तुतीकरण। |
| | 28.06.2026 | 11:18-11:23 AM | मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जनपद में सी0एस0आर0 एवं नवाचार प्रयोगों पर प्रस्तुतिकरण। |
| 9 | | 11:23 AM -11:25 AM | मालाबार ग्रुप द्वारा **Letter Of Intent** प्रदान किया जाना।<br>**NBFGR** द्वारा उपायुक्त स्वतः रोजगार से **MOU** किया जाना।<br>**KM Sugar Mills** एवं **Samrit Buildcon** द्वारा विद्याशक्ति का डमी चेक प्रदान किया जाना। |
| 10 | | 11:25 AM -11:35 AM | मा0 जिला पंचायत अध्यक्षा/मा0 विधायक जी का सम्बोधन। |
| 11 | | 11:35 AM -11:50 AM | विद्याशक्ति पहल द्वारा (06 एस0एच0जी0 –श्रीमती सपना सिंह, श्रीमती आराधना, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती रानी श्रीवास्वत, श्रीमती चन्द्रावती एवं श्रीमती शिवभामा) को पुस्तकें भेट करना।<br>आर्नमेण्टल फिशरीज की किट्स (02 एस0एच0जी0 –श्रीमती प्रीति एवं श्रीमती लक्ष्मी) को प्रदान करना।<br>स्मार्टफोन वितरण 05 आं0बा0 कार्यकत्री (1. श्रीमती सरोज भारती 2. श्रीमती मालती यादव 3. श्रीमती सोनिका मिश्रा 4. श्रीमती अनुरीता विश्वास 5. श्रीमती निमिषा सोनकर)।<br>नियुक्ति पत्र वितरण 07 आं0बा0 सहायिका (1. श्रीमती सोनी वर्मा 2. श्रीमती अल्का सिंह 3 श्रीमती वन्दना पाण्डेय 4. श्रीमती शिल्पी श्रीवास्तव 5. श्रीमती सरिता देवी 6. श्रीमती पूजा 7. श्रीमती प्रियंका मौर्या)।<br>प्रशस्ति पत्र वितरण। |
| 12 | | 11:50 AM | मा0 राज्यपाल महोदया का सम्बोधन।<br>धन्यवाद ज्ञापन – जिलाधिकारी महोदय द्वारा।<br>राष्ट्रगान। |

**Day-1**


सेमिनार हाल
क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, अयोध्या


क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, डाभासेमर, अयोध्या
मिशन नवशक्ति
सजावटी मत्स्य पालन के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय का कौशल एवं उद्यमिता विकास
Mission Navshakti: Empowering Scheduled Caste Community for Livelihood Enhancement in Ornamental Fisheries Sector
Under
Scheduled Caste Sub Plan (SCSP) Project
9-11th June 2026
Regional Institute of Rural Development (RIRD) Masaudha, Ayodhya
In Collaboration With
District Mission Management Unit (DMMU) & National Rural Livelihoods Mission (NRLM)
Organizer
भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ
ICAR-National Bureau of Fish Genetic Resources, Lucknow


क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, डाभासेमर, अयोध्या
मिशन नवशक्ति
सजावटी मत्स्य पालन के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय का कौशल एवं उद्यमिता विकास
Mission Navshakti: Empowering Scheduled Caste Community for Livelihood Enhancement in Ornamental Fisheries Sector
Under
Scheduled Caste Sub Plan (SCSP) Project
9-11" June 2026
Regional Institute of Rural Development (RIRD) Masaudha, Ayodhya
In Collaboration With
District Mission Management Unit (DMMU) & National Rural Livelihoods Mission (NRLM)
Organizer
भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ
ICAR-National Bureau of Fish Genetic Resources, Luck





## Day-2


सेमिनार हाल
क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, अयोध्या
ICAR-National Bureau of Fish Genetic Resources, Lucknow


Mission Navshakti: Empowering Scheduled Caste Community for Livelihood Enhancement in Ornamental Fisheries Sector
Under
Scheduled Caste Sub Plan (SCSP) Project
Regional Institute of Rural Development (RIRD) Masaudha, Ayodhya
In Collaboration With
District Mission Management Unit (DMMU) & National Rural Livelihoods Mission (NRLM)



**Day-3**

















**Photos with GPS Coordinates**




Latitude: 26.945036
Longitude: 81.344121
Elevation: 121.39±3.04 m
Accuracy: 4.322 m
Time: 11-06-2026 16:57
Note: SCSP Barabanki 05
Powered by NoteCam


Latitude: 26.941669
Longitude: 81.337596
Elevation: 121.45±2.5 m
Accuracy: 5.045 m
Time: 11-06-2026 15:29
Note: SCSP Barabanki 01
Powered by NoteCam


INDIA
BARABANKI
UTTAR PRADESH
AYODHY
A
B
C
D
Rudauli
Bikapur
Milkipur
Sohawal
Faizabad (Ayodhya)
Maya
Pura Kalandar
Meetapur
Ramnagar
Bikapur